पावर सिस्टम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड

केन्द्रीय कार्यालय, मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ संख्या : के.का./पोसोको/2017/राजभाषा सम्मेलन **दिनांक 20 दिसंबर 2017**

तीसरी हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

1. पोसोको कार्यालय मे दिनांक 15 12 2017 को साँय: 07.30 बजे से रात्रि 09.30 बजे तक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें निदेशक(कार्मिक) पावरग्रिड, मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको), मुख्य सतर्कता अधिकारी,पोसोको, कार्यपालक निदेशक(रा भा प्रे के), कार्यपालक निदेशक, उत्तरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केंद्र, डाक्टर राहत इंदौरी, श्री अरुण जैमिनी, सुश्री मुमताज़ फातमा, विभिन्न निगमों से आए नराकास के सदस्य गण, वरिष्ठ अधिकारियों व कार्मिकों के परिवारों ने भी भाग लिया | इस सम्मेलन में पोसोको से सेवा निवृत अधिकारियों ने भी भाग लिया |
2. नोडल अधिकारी (राजभाषा) ने इस सम्मेलन में आए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रवि पी सिंह, निदेशक कार्मिक पावरग्रिड, मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको), मुख्य सतर्कता अधिकारी(पोसोको), कार्यपालक निदेशक(रा भा प्रे के), वरिष्ठ अधिकारियों और कार्मिकों को इस कवि सम्मेलन में आने पर उनका हार्दिक स्वागत किया |
3. निदेशक(कार्मिक) ने डाक्टर राहत इंदौरी की गजल के कुछ अंश कहने के पश्चात कहा कि राजभाषा के प्रचार प्रसार में इस तरह के आयोजनों से बल मिलता है |
4. श्री अरुण जैमिनी ने मच संचालन करते हुए कहा कि राजभाषा हिन्दी को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक सोच का होना बहुत जरूरी है |
5. सुश्री फातमा ने अपने राजभाषा मुक्तकों से राजभाषा हिन्दी के सौंदर्य को और भी बढ़ा दिया और उनके तरानों में सुख दुख, करूणा, भाव, और ममता ने कक्ष में बैठे हुए लोगों का मन मोह लिया |
6. हास्य कवि श्री अरुण जैमिनी ने अपने व्यंग्यों व हास्य कविताओं के द्वारा सभी अधिकारियों व कार्मिकों का दिल जीत लिया |
7. तदुपरान्त डाक्टर राहत इंदौरी की गजलों और शेरों से सम्पूर्ण हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और साथ ही डाक्टर इंदौरी ने कहा कि हिन्दी में अपने विचारों को अभिव्यकत करने की आजादी है और हिन्दी में स्वविचारों को पढ़ते हुए भाव आसानी से समझ आ जाते हैं ।

8. अंत मे उप महाप्रबन्धक(मानव संसाधन) ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पोसोको, मुख्य सतर्कता अधिकारी, पोसोको, कवि गणों, वरिष्ठ अधिकारियों, कार्मिकों का इस कवि सम्मेलन को यादगार बनाने के लिए आभार व्यक्त किया ।

9. अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(अनिल मेहता)

वरिष्ठ कार्यपालक सचिव(मा.सं)

उप महा प्रबंधक (मानव संसाधन)

उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन)

कार्यपालक निदेशक (रा भा प्रे के)